an>

Title: Regarding scam in purchase of Paddy crops in Bihar.

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) : उपाध्यक्ष महोदय, बिहार में चारा घोटाला की तर्ज पर किसानों के धान क्रय का एक बड़ा मामला उजागर हुआ है। विगत तीन वर्षों से बिहार के किसानों के धान क्रय में 1581 करोड़ रुपये का एक व्यापक घोटाला हुआ है। माननीय पटना उच्च न्यायालय ने इस घोटाले को उजागर करके बिहार सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। एफसीआई के पदाधिकारियों, ट्रांसपोर्टर्स एवं कुछ एक चावल मिलों के घालमेल से यह बहुत बड़ा घोटाला हुआ है। एक तरफ एफसीआई द्वारा अधिकांश किसानों से धान क्रय न करके बिचौलियों से खरीद-फरोख्त किया गया और दूसरी तरफ किसानों को उचित मूल्य प्राप्त न होने के कारण वे आज भूखों मरने की स्थिति में आत्महत्या करने के लिए विवश हैं।

महोदय, एफसीआई एवं बिहार सरकार की शह पर ट्रांसपोर्टर्स द्वारा धान-चावल न तो सही में उठाया गया और न ही चावल मिलों से एफसीआई के गोदामों में गया। यह सिर्फ फर्जी कागज पर ही खेल हुआ। हाल ही में कोर्ट की फटकार पर एफसीआई के पदाधिकारियों द्वारा अपने बचाव में सैंकड़ों चावल मिलों पर आनन-फानन में एफआईआर दर्ज की गयी, लेकिन वह केवल खाना-पूर्ति की गयी है बिहार सरकार कटघरे में खड़ी है।

मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करता हूं कि इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए, जिसके बारे में कोर्ट ने भी कहा है। यह बिहार के लाखों किसानों के हित में है। यह पशुपालन घोटाले से भी व्यापक घोटाला है। यह चार हजार करोड़ रुपये का घोटाला है, जिसे कोर्ट ने पकड़ा है। ...(व्यवधान)

मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करूंगा कि इस पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। ...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri .P.P. Chaudhary is permitted to associate with the issue raised by Shri Ashwini Kumar Choubey.